CLASS : 10th (Secondary) **Code No. 5501**

Series :

Roll No. [ ] **SET : C**

हिन्दी

भाग – II

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Academic/Open)

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग-II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- ***परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।***
- ***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

नोट : (i) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) *शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1** से **16** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द/वाक्य/रिक्त स्थान की पूर्ति में दीजिए तथा **17** से **40** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

1. जिस समास में पूर्व व उत्तर पद दोनों ही .... हों, उसे द्वंद्व समास कहते हैं।
2. त्रिफला, द्वार-द्वार – विग्रह कीजिए।
3. सन्धि के .... भेद हैं।
4. नयन, संसार – सन्धि-विच्छेद कीजिए।
5. निर्मल, उद्गम – उपसर्ग छाँटिए।
6. सैनिक, कलमदान – प्रत्यय छाँटिए।
7. अविकारी शब्द .... प्रकार के होते हैं।
8. विकारी शब्दों को छाँटकर लिखिए :

   रमणीय, यथा, गाय, उतना।

downloaded from StudentSuvidha.com

Download a   entSuvidha.com

9. जल के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

10. मलिन, आधुनिक – विलोमार्थी शब्द लिखिए।

11. अलि के दो अनेकार्थी शब्द लिखिए।

12. रचना की दृष्टि से वाक्य के .... भेद हैं।

13. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

14. 'जैसा देश वैसा भेष' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।

15. मुनीसु महाभट मानी। – अलंकार का नाम लिखिए।

16. प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै। अलंकार का नाम लिखिए।

निम्नलिखित काव्य खण्ड बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

17. 'अपरस रहत सनेह तगा तैं' – यहाँ तगा का क्या अर्थ है ?
(i) दगा देना (ii) सगा
(iii) बंधन (iv) टूटना

18. 'उत्साह' कविता में निदाघ का क्या अर्थ है ?
(i) सर्दी (ii) वर्षा
(iii) सावन (iv) गर्मी

19. 'अयमय खांड़ न ऊखमय' – यहाँ अयमय का क्या अर्थ है ?
(i) खांड़ (ii) खांड़ का बना हुआ
(iii) गन्ना (iv) लोहे का बना हुआ

20. गोपियों के अनुसार योग-शिक्षा कैसे मन के लोगों के लिए उचित है ?
(i) चंचल (ii) स्थिर
(iii) दृढ़ (iv) सबल

21. कवि ने 'सवैया' में किसकी सुन्दरता का वर्णन किया है ?
(i) गोपियाँ (ii) श्रीकृष्ण
(iii) राधा (iv) सीता

22. 'कौसिक सुनहु मंद येहु बालकु' ये शब्द किसने कहे ?
(i) विश्वामित्र (ii) परशुराम
(iii) राम (iv) लक्ष्मण

downloaded from StudentSuvidha.com
Download a Suvidha.com

23. 'अट नहीं रही है' कविता में पाट-पाट पर क्या बिखरी है ?

(i) शोभाश्री (ii) सुगंध

(iii) उज्ज्वलता (iv) हरियाली

24. 'कन्यादान' कविता में कवि ने किसको धुंधले प्रकाश की पाठिका कहा है ?

(i) माता को (ii) बेटी को

(iii) पत्नी को (iv) बहन को

25. किसके शील स्वभाव के कारण परशुराम ने लक्ष्मण का वध न करने की बात कही ?

(i) राम (ii) जनक

(iii) विश्वा. . . (iv) बाल्मीकि

26. गोपियों के लिए हारिल की लकड़ी के समान कौन हैं ?

(i) श्रीकृष्ण (ii) उद्धव

(iii) सुदामा (iv) सूरदास

27. 'कन्यादान' कविता में चेहरे पर मत रीझना में क्या निहित है ?

(i) फटकार (ii) नसीहत

(iii) तिरस्कार (iv) सम्मान

28. परशुराम ने लक्ष्मण के लिए किन-किन शब्दों का प्रयोग किया ?

(i) मूर्ख (ii) उद्दण्ड

(iii) काल का ग्रास (iv) उपर्युक्त सभी

निम्नलिखित गद्य खण्ड बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

29. 'नेताजी की प्रतिमा टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कितने फुट ऊँची थी ?

(i) एक फुट (ii) दो फुट

(iii) तीन फुट (iv) चार फुट

30. बालगोबिन भगत गंगा-स्नान करने किस साधन से जाते थे ?

(i) साइकिल से (ii) बस से

(iii) पैदल (iv) कार से

31. फ़ादर कामिल बुल्के के पिता जी क्या काम करते थे ?

(i) कर्मचारी (ii) व्यवसायी

(iii) किसान (iv) मजदूर

downloaded from StudentSuvidha.com

Downloac ntSuvidha.com

32. 'नेताजी का चश्मा' नामक पाठ गद्य की किस विधा में लिखा गया है ?

(i) कहानी (ii) निबन्ध

(iii) रेखाचित्र (iv) संस्मरण

33. बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष किस दिन देखने को मिला ?

(i) बेटे की शादी पर (ii) बेटे की मृत्यु पर

(iii) बेटे के जन्म पर (iv) बेटे को नौकरी मिलने पर

34. फ़ादर कामिल बुल्के कितने वर्षों तक जीवित रहे ?

(i) 53 वर्षों तक (ii) 63 वर्षों तक

(iii) 73 वर्षों तक (iv) 83 वर्षों तक

35. खीरे की फाँकों को खिड़की से बाहर फेंक कर नवाब साहब ने तौलिए से क्या किया ?

(i) सीट पोंछी (ii) चाकू साफ किया

(iii) लोटा साफ किया (iv) हाथ और होंठ पोंछे

36. हालदार साहब किसकी देशभक्ति के सामने नतमस्तक थे ?

(i) कैप्टन (ii) पानवाले

(iii) मोतीलाल (iv) ड्राइवर

37. बालगोबिन भगत ने 'तू जा, नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा' – यह आखिरी दलील किसके सामने रखी ?

(i) बेटे के (ii) पतोहू के

(iii) पत्नी के (iv) पतोहू के भाई के

39. नवाब साहब ने अपनी जेब से क्या निकाला ?

(i) चाकू (ii) चश्मा

(iii) पत्र (iv) रूमाल

40. 'खीरे की पनियाती फांकें देखकर मुँह में पानी जरूर आ रहा था' यहाँ पनियाती का क्या अर्थ है ?

(i) पतली (ii) रसीली

(iii) लंबी (iv) सुपाच्य

downloaded from StudentSuvidha.com

Download ... .com